कोटद्वार, रविवार
12 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 154 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### सैन्य सम्मान के साथ हवलदार की अंत्येष्टि

बागेश्वर। तीन राजपूत में तैनात 47 वर्षीय हवलदार का जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव दफौट भीड़ी लाया गया। यहां परिजनों की अश्रुपूरित विदाई दी। सरयू संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। सेना की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दफौटी भीड़ी निवासी सुरेश सिंह तीन राजपूत में हवलदार के पद पर तैनात हैं। इन दिनों उनकी तैनाती जम्मू कश्मीर में है। गुरुवार को उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को सेना के एक वाहन में उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचा। यहां परिजनों की अश्रुपूरित विदाई के बाद शुक्रवार को सरयू गोमती संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की। कौसानी से पहुंची सेना की टुकड़ी ने शस्त्र उल्टा कर श्रद्धांजलि दी। उनके पिता त्रिलोक सिंह और माता गोविंद देवी हैं। मृतक तीन भाई हैं तीनों आर्मी में हैं। महेश सिंह, दर्शन सिंह और मृतक सुरेश सिंह सबसे छोटे भाई हैं। वह अपने पीछे दो बच्चे, पत्नी व माता–पिता को रोता बिलखड़ा छोड़ गए। गांव में शोक की लहर है। दो अक्तूबर को छुट्टी बिताकर गए थे ड्यूटी हवलार सुरेश सिंह एक महीने की छुट्टी बिताकर दो अक्टूबर को जम्मू कश्मीर ड्यूटी के लिए निकले थे। उन्हें किसी तरह की कोई बीमारी भी नहीं थी। गांव में रहकर उन्हें खेती किसानी का भी काम किया। वहां पहुंकर हार्ट अटैक आ गया और उनका निधन हो गया।

### सौड़ी में मंदाकिनी नदी में छलांग लगाने वाली युवती बचाई

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि के निकट सौडी में मंदाकिनी नदी में छलांग लगाने वाली युवती को एक नेपाली के साथ ही एसडीआरएफ की टीम द्वारा बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार अगस्त्यमुनि से अपर उपनिरीक्षक हरीश बंगारी को डीसीआर रुद्रप्रयाग से सूचना मिली कि सौड़ी में एक महिला नदी में बह रही है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पाया गया कि एक नेपाली मूल के व्यक्ति द्वारा उक्त युवती को नदी से सकुशल निकाल लिया गया था। टीम द्वारा युवती को तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए सुरक्षित सड़क तक पहुंचाया गया। जबकि प्राथमिक उपचार को लेकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। उक्त युवती की पहचान 18 वर्षीय शिक्षा पुत्री देवी लाल के रूप में हुई है।

### सरयू पुल पर चढ़ा युवक, पुलिस ने उतारा

बागेश्वर। सरयू नदी पर बने मोटर पुल पर शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक अज्ञात युवक अचानक पुल के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गया। युवक जोर–जोर से चिल्लाने लगा, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने घटना के वीडियो और फोटो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर दिए, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट मोड में आ गई और तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुई। पुलिस ने उसे नीचे उतारा। उसे कोतवाली ले गए। एसएसआई खष्टी बिष्ट ने बताया कि काउंसलिंग के बाद उसे छोड़ा जाएगा। मालूम हो कि बुधवार को भी यहीं युवक पहले भी इसी पुल पर चढ़ चुका है।

### बाजपुर में किसानों ने धान के ढेर में लगाई आग

काशीपुर। सरकारी धान क्रय केंद्रों पर पीआर–126 धान की खरीद बंद होने से नाराज किसानों ने शनिवार को जमकर हंगामा काटा। गुस्साए किसानों ने अधिकारियों के सामने ही अनाज मंडी परिसर में धान के ढेर को आग लगाकर अपना रोष जताया। किसानों ने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने और उनके हक से वंचित करने का आरोप लगाया। किसानों को शनिवार सुबह सूचना मिली कि अनाज मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों पर पीआर–126 धान की खरीद नहीं की जा रही है। इस पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने विपणन निरीक्षक बलवंत नाथ के सामने विरोध जताया और धान की खरीद शुरू करने की मांग की।

# भारत की विकास गाथा की परिधि नहीं, बल्कि धड़कता हृदय है पूर्वोत्तर-मोदी



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पहली बार पूवीत्तर भारत की विकास गाथा का परिधि क्षेत्र नहीं, बल्कि धड़कता हृदय है। नए हवाई अड्डों से लेकर सशक्त स्वयं सहायता समूहों तक और कनेक्टिविटी से लेकर रचनात्मकता तक, अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत की भावना को प्रतिबिंबित करता है। पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लिखित एक्स पर एक लेख भी साझा किया, जो देश की विकास यात्रा में अरुणाचल प्रदेश के परिवर्तन और बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है।

**सिंधिया ने क्या कहा था?**

लेख में सिंधिया ने कहा कि जब भी मैं पूवीत्तर में कदम रखता हूं, "मुझे नई ऊर्जा का एहसास होता है।" कई लोग इसे भारत की परिधि कहते हैं, लेकिन यह तो हृदय है, जो अनेक रंगों, ध्वनियों और बनावटों में धड़कता है। मोतियों की एक माला, जो अनगिनत समुदायों, संस्कृतियों और जीवन–पद्धतियों से बंधी है और प्रकृति की शाश्वत लय में सहजता से गुंथी हुई है। कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे प्रधानमंत्री इसे अष्टलक्ष्मी कहते हैं।"

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माता बनेंगे किसान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर किसानों और देश के पिछड़े जिलों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने इन जिलों को 'आकांक्षी जिले' घोषित कर विशेष ध्यान दिया है। पिछली सरकारों की नीतियों के कारण कृषि क्षेत्र बिखरा हुआ था, मंत्रालयों में समन्वय नहीं था। 2014 के बाद केंद्र सरकार ने 'बीज से बाजार तक' व्यापक सुधार किए। फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई, उर्वरक सब्सिडी और कृषि मशीनरी पर जीएसटी दरों में कटौती जैसी पहलों से किसानों को सीधा लाभ मिला है। जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख की जयंती पर शनिवार को कृषि मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए 35,440 करोड़ रुपये की दो बड़ी योजनाओं, प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में किया गया था। प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 5,450 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

### महागठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले कांग्रेस ने फाइनल किए 60 प्रत्याशी

नई दिल्ली ,बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी जोरों पर है। अभी महागठबंधन में सीटें बंटी नहीं है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की बैठक होनी है। लेकिन उससे पहले कांग्रेस ने 60 सीटों पर प्रत्याशी के नाम तैयार कर लिए हैं। शनिवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले सब कमेटी की बैठक में इस पर विचार किया गया। स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन की अध्यक्षता में शनिवार शाम चार बजे से ऑनलाइन बैठक शुरू हुई। पटना से अध्यक्ष राजेश राम, प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और तीनों प्रभारी सचिव बैठक से जुड़े। अब महागठबंधन समन्वय समिति के चेयरमैन तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की मुलाकात पर सबकी नजरें टिकी हुई है। दोनों पार्टी के नेताओं के बीच मुलाकात में सीट बंटवारे का फार्मूला सुलझ जाने के आसार हैं। यह मुलाकात रविवार को दिल्ली में होने के आसार हैं। महागठबंधन सूत्रों का कहना है कि जिन सीटों की अदला–बदली होनी है, उस पर सहमति बना ली जाएगी। इसके बाद सोमवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी।



### महाराज ने की केन्द्रीय मंत्री से शुष्क बंदरगाह को लेकर चर्चा

देहरादून। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनसे भारत नेपाल सीमा पर सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों और बनबसा स्थित नदी पर निर्माणाधीन पुल और शुष्क बंदरगाह को लेकर चर्चा की।

# बेटियों के शिक्षित होने से संवरता है आने वाली पीढ़ियों का भविष्य : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टॉपर बालिकाओं को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की तरक्की नारी शक्ति से होती है। यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है, तो उस राज्य के विकास को कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि बेटियों के शिक्षित होने से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी संवरता है।




महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 326 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। जनपद स्तर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के प्रथम तीन टॉपर बालिकाओं एवं विकासखण्ड स्तर पर टॉपर बालिकाओं को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष भी बेटियों ने अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर बोर्ड परीक्षाओं में अद्भुत प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 90 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए, जिसमें बालिकाओं का सफलता प्रतिशत 93 प्रतिशत से अधिक रहा और इंटरमीडिएट परीक्षा में 83 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें बालिकाओं का सफलता प्रतिशत 86 प्रतिशत से अधिक रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार ने राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, नंदा गौरा योजना जैसी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की बेटियां सरकारी सेवाओं में चयनित हो रही हैं एवं स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, विधायक श्रीमती सविता कपूर, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, सचिव चन्द्रेश कुमार सहित महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गर्लफ्रेंड की सगाई की खबर से टूटा प्रेमी, सिडकुल में फंदे पर झूला

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र में शुक्रवार रात को एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक को अपनी गर्लफ्रेंड की सगाई की खबर मिली थी।

इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि 20 वर्षीय ललित कुमार पुत्र गोपाल राम निवासी ग्राम कुंडल, थाना खनस्यूं, जनपद नैनीताल, सिडकुल के मीनाक्षीपुरम क्षेत्र में किराए के मकान में अपने दो दोस्तों के साथ रहता था। शुक्रवार रात उसके दोनों दोस्त फैक्ट्री की नाइट शिफ्ट में गए थे, जबकि ललित कमरे में अकेला था। दोस्त लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ा। अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। ललित कमरे के पंखे से फंदे पर लटका हुआ था।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने पर प्रियंका गांधी का पीएम मोदी से सवाल

नई दिल्ली ,तालिबान प्रतिनिधि के भारत दौरे के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों के नहीं होने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी से सवाल किया है। प्रियंका गांधी ने अपने आधिकारिक 'एक्सझ् हैंडल के जरिए पीएम मोदी को टैग करते हुए पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कृपया यह स्पष्ट करें कि तालिबान के प्रतिनिधि की भारत यात्रा के दौरान उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को हटाने को लेकर आपकी क्या स्थिति है? प्रियंका गांधी ने इस पूरे मामले को भारत की महिलाओं का अपमान बताते हुए अपने आधिकारिक 'एक्सझ् पोस्ट में आगे लिखा, अगर महिलाओं के अधिकारों को लेकर आपकी मान्यता सिर्फ एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक सीमित दिखावा नहीं है, तो फिर हमारे देश में, जहां महिलाएं हमारी रीढ़ हैं, हमारी शान हैं, इतनी योग्य महिला पत्रकारों का यह अपमान कैसे होने दिया गया? दूसरी ओर, सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म 'एक्सझ् पर महुआ मोइत्रा ने एक



वीडियो संदेश जारी कर कहा, मैं यह वीडियो सभी का ध्यान उस भयावह घटना की ओर आकर्षित करने के लिए जारी कर रही हूं, जो दिल्ली में भारतीय धरती पर हुई है। विदेश मंत्री मुत्ताकी के दौरे पर आए तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की है। इसके बाद, तालिबान के विदेश मंत्री ने दिल्ली में भारतीय धरती पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां महिला पत्रकारों को अनुमति नहीं दी गई।

# बड़ा फर्जीवाड़ा : सरकारी नौकरी के सपने दिखाकर 36 युवाओं से ठगे 2.88 करोड़ रुपये

### फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

मुंबई , मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया। पुलिस ने खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाले एक ठग को गिरफ्तार किया है, जो अब तक 36 नौकरी के इच्छुक युवाओं से कुल 2.88 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है। आरोपी की पहचान सोलापुर जिले के बार्शी निवासी 35 वर्षीय नीलेश राठौड़ के रूप में हुई है। वह खुद को स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) में उप सचिव बताकर लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देता था। मुंबई पुलिस की जांच में सामने आया है कि उसने आयकर विभाग में इंस्पेक्टर और सहायक जैसे पदों के लिए फर्जी भर्तियों का झांसा देकर लाखों रुपए वसूले।



सहार पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 319, 336, 338 और 340 के तहत केस दर्ज किया गया है।

यह मामला तब सामने आया जब नवी मुंबई निवासी संतोष खरपुड़े ने शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उनसे और अन्य कई उम्मीदवारों से बड़ी रकम वसूली। सहायक पद के लिए 4 लाख और निरीक्षक पद के लिए 6 लाख रुपए की मांग की गई थी। नीलेश राठौड़ ने मई 2023 में अंधेरी ईस्ट के एक होटल में इंटरव्यू का नाटक रचा और हर उम्मीदवार से करीब 10 लाख रुपए वसूल लिए। आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिए, सरकारी अस्पतालों में फर्जी मेडिकल जांच कराई और पुलिस वेरिफिकेशन के जाली दस्तावेज भी उपलब्ध कराए ताकि पूरी प्रक्रिया असली लगे। कुछ महीनों तक जब पीड़ितों को नियुक्ति पत्र नहीं मिला, तो उन्होंने खुद आयकर विभाग से संपर्क किया और उन्हें पता चला कि ऐसी कोई भर्ती प्रक्रिया चल ही नहीं रही है। जब पीड़ितों ने राठौड़ से जवाब मांगा, तो उसने शुरुआत में पैसे लौटाने का वादा किया, लेकिन बाद में कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया।

### अनिल अंबानी ग्रुप के सीएफओ अशोक पाल गिरफ्तार

नई दिल्ली , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी और कार्यकारी निदेशक अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है।अधिकारियों के मुताबिक, अशोक पाल पर आरोप है कि उन्होंने समूह की कुछ कंपनियों के माध्यम से फर्जी बैंक गारंटी तैयार कराने और उससे वित्तीय लाभ हासिल करने की साजिश में भूमिका निभाई। जांच एजेंसी का कहना है कि इस मामले में कई दस्तावेजों और बैंक रिकॉर्ड की जांच जारी है। अशोक पाल की गिरफ्तारी अनिल अंबानी के कारोबारी साम्राज्य के लिए एक और झटका मानी जा रही है, जो पहले से ही कर्ज, वित्तीय अनियमितताओं और कानूनी मामलों से जूझ रहा है। ईडी आने वाले दिनों में इस मामले में अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है।

# इंटेलिजेंस की बड़ी कार्रवाई : आईएसआई का जासूस गिरफ्तार

### दो साल से लीक कर रहा था सेना की गोपनीय जानकारी

नई दिल्ली ,राजस्थान इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में अलवर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोविंदगढ़, अलवर निवासी मंगत सिंह के रूप में हुई है। उस पर शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगत सिंह पर *ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही खुफिया एजेंसियों की नजर थी। अलवर का क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, और इसी इलाके में निगरानी के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं।



**हनीट्रैप में फंसाकर करवा रहा था जासूसी**

जांच में सामने आया है कि मंगत सिंह को पाकिस्तानी महिला हैंडलर *ईशा शर्मा* ने सोशल मीडिया के माध्यम से हनीट्रैप में फंसा लिया था। उसने पैसे और उपहारों के लालच में आईएसआई को देश की सामरिक जानकारी भेजनी शुरू कर दी थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो वर्षों से पाकिस्तानी एजेंटों के संपर्क में था।

**सोशल मीडिया से साझा करता था गुप्त जानकारी**

मंगत सिंह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए अलवर की छावनी क्षेत्र सहित देश के अन्य महत्वपूर्ण सैन्य और सामरिक स्थलों की सूचनाएं साझा कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच में कई संदिग्ध चैट और दस्तावेज मिलने की बात सामने आई है।

**10 अक्टूबर को दर्ज हुआ मुकदमा**

केंद्रीय पूछताछ केंद्र, जयपुर में विभिन्न खुफिया एजेंसियों द्वारा पूछताछ और डिजिटल सबूतों की जांच के बाद, 10 अक्टूबर 2025 को जयपुर स्थित स्पेशल पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# पाकिस्तान में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आतंकी हमला, 7 जवानों की मौत, 5 हमलावर भी ढेर

पेशावर ,पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों ने शुक्रवार देर रात एक बड़े हमले को अंजाम दिया। डेरा इस्माइल खान जिले में स्थित एक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर हुए इस फिदायीन हमले में 7 पुलिसकर्मियों की शहादत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने करीब 6 घंटे तक चली जवाबी कार्रवाई में सभी 5 हमलावरों को मार गिराया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में 46त्न की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 9 बजे आतंकियों ने रत्ता कुलाची इलाके में स्थित पुलिस



ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य द्वार पर विस्फोटक से लदे एक ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी। इस जबरदस्त धमाके से सेंटर की दीवार का एक बड़ा हिस्सा ढह गया और एक पुलिसकर्मी मौके पर ही शहीद हो गया। दीवार टूटने के बाद 7 से 8 हथियारबंद आतंकी सेंटर के अंदर घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने ग्रेनेड और अन्य घातक हथियारों का भी इस्तेमाल किया। हमले की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सेना और पुलिस के कमांडो मौके पर पहुंच गए और पूरे सेंटर को घेर लिया। दोनों तरफ से लगभग 6 घंटे तक भीषण गोलीबारी चली। सुरक्षाबलों ने अपनी जान पर खेलकर सेंटर में मौजूद 200 से अधिक पुलिसकर्मियों और नए रंगरूटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। ऑपरेशन के अंत में सभी 5 हमलावरों को ढेर कर दिया गया, जिनमें एक आत्मघाती हमलावर भी शामिल था।

हमलावरों के पास से सुसाइड जैकेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और गोला–बारूद बरामद किया गया है। शुरुआत में हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली, लेकिन बाद में एक बयान जारी कर इससे इनकार कर दिया। कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स पर 'इत्तिहादुल मुजाहिदीन पाकिस्तान नामक एक नए संगठन ने इस हमले का दावा किया है।

### पहली पत्नी के होते हुए दूसरी शादी करने वाले मुस्लिम शख्स को झटका, हाईकोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

रांची , झारखंड हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति 'स्पेशल मैरिज एक्ट, 1954झ् के तहत शादी करता है, तो उस पर किसी भी व्यक्तिगत या धार्मिक कानून के बजाय यही कानून सर्वोपरि होगा। अदालत ने पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने वाले धनबाद के एक पैथोलॉजिस्ट की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने इस्लामिक कानून के तहत चार शादियों को वैध बताते हुए अपने दूसरे विवाह को सही ठहराने की कोशिश की थी।

यह मामला धनबाद के रहने वाले पैथोलॉजिस्ट मोहम्मद अकील आलम से जुड़ा है। आलम ने 4 अगस्त, 2015 को स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत दूसरी शादी की थी। हालांकि, कुछ महीनों बाद ही उसकी दूसरी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके देवघर चली गई। इसके बाद अकील ने देवघर की फैमिली कोर्ट में पत्नी को वापस बुलाने के लिए वैवाहिक अधिकारों की बहाली की याचिका दायर की।

### यह छल है, धोखा है, एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री की पोस्ट ने मचाई हलचल

पटना ,बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर उलझे गणित का सूत्र दोनों पार्टियां नहीं ढूंढ पाई हैं। दोनों गठबंधनों में शामिल दल भले ही सभी कुछ ठीक ठाक होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन सीट बंटवारे की घोषणा नहीं की गई है।

इधर, विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एनडीए की एक बैठक आज दिल्ली में होने की चर्चा है, लेकिन एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के सोशल मीडिया के एक पोस्ट ने इशारे में बता दिया कि एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसा हुआ है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सीटों पर वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने आज सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, इधर–उधर की खबरों पर मत जाइए। वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। मुझे नहीं पता कि मीडिया में कैसे खबर चल रही है। अगर कोई खबर प्लांट कर रहा है तो यह छल है, धोखा है। आप लोग ऐसे ही सजग रहिए।

उल्लेखनीय है कि एनडीए के सहयोगी दल भाजपा और जदयू के बीच लगातार बैठकों का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों दलों ने उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की है।

## स्वास्थ्य सेवाओं का क्रूर चेहरा

उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर से शर्मसार हुई है। गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का डंका पीटने वाले स्वास्थ्य विभाग में किस प्रकार से महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है इसकी एक बानगी धर्म नगरी हरिद्वार में देखने को मिली है। प्रसव निकट आने के दौरान हरिद्वार के जिला महिला अस्पताल में पहुंची प्रसूता के साथ किया गया अमानवीय व्यवहार का मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला अस्पताल पहुंची थी जहां उसका प्रसव निकट था लेकिन अस्पताल में मौजूद महिला चिकित्सक एवं उनके साथ तैनात स्टाफ ने उन्हें भर्ती करने से ही इनकार कर दिया और उन्हें अस्पताल से जाने के लिए कहा। महिला के परिजन उसे भर्ती करने के लिए चिकित्सकों के आगे हाथ जोड़ते रहे लेकिन पेशे को बदनाम करने वाली महिला चिकित्सक एवं उनके स्टाफ का दिल नहीं पसीजा और कुछ देर बाद ही महिला ने अस्पताल के फर्श में ही एक कन्या को जन्म दे दिया। नवरात्रि की अष्टमी के दौरान भले ही देवी स्वरूप कन्या ने जन्म लिया लेकिन इस घटना ने उन राक्षसों के चेहरे भी उजागर कर दिए जिनके संहार के लिए शायद अभी किसी और अवतार के जन्म लेने की प्रतीक्षा है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की बुनियाद हिल गई है और व्यापक तौर पर विरोध के बाद महिला चिकित्सक की सेवाएं समाप्त करने के साथ–साथ दो अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रतिकूल प्रविष्टि की गई है। उत्तराखंड में इलाज के अभाव में गर्भवती महिलाओं द्वारा बच्चों को सड़कों पर या अस्पताल प्रांगण में जन्म देने की यह कोई पहली घटना नहीं है लेकिन दुख का विषय यह है कि पूर्व की घटनाओं के बावजूद भी ना तो प्रदेश का स्वास्थ्य अमला सुधारने को तैयार हुआ और ना ही मंत्रालय को चलाने वाले मंत्री और आलाधिकारियों के कानों पर जूएं रेंगी। यह लापरवाही एवं अमानवीयता की पराकाष्ठा है जिसमें ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ दया का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। कागजों में स्वास्थ्य महकमा गर्भवती महिलाओं के आंकड़ों को लेकर हमेशा से ही उलझाता आया है लेकिन हकीकत यह है जो जिला महिला अस्पताल में एक बच्चे के फर्श पर जन्म लेने के तौर पर सामने आती है। खोखले दावों में स्वास्थ्य विभाग कहते नहीं थकता है कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है। आंकड़ा दिया गया है कि स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के तहत अब तक 80 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की एएनसी (एंटीनेटल केयर ) जांच की गई, जिसमें गर्भस्थ शिशु और मां के स्वास्थ्य का आंकलन किया गया। अब सवाल यह उठता है कि यदि महिलाओं का परीक्षण किया गया और आखिर क्यों अस्पताल तक पहुंची गर्भवती महिला को भर्ती करने में महिला चिकित्सक ने आना कानी की? दावा है कि स्वास्थ्य शिविरों में 80,515 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। जिसमें हरिद्वार में भी 14472 गर्भवती महिलाएं शामिल बताई गई हैं। एक और महत्वपूर्ण बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन शिविरों को लेकर जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि उच्च जोखिम गर्भधारण वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं सोनोग्राफी जांच कराने की सलाह दी गई। तो फिर क्यों जिला हरिद्वार महिला अस्पताल पहुंची प्रसूता को लेकर अस्पताल प्रशासन इतना कठोर बन गया? इस पूरे प्रकरण ने यह साबित कर दिया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की कथनी और करनी बिल्कुल उलट है और यहां मंत्रालय केवल एक भोंपू की तरह अपनी उपलब्धियां का राग अलाप रहा है, जबकि उसकी असली करतूत सरकारी अस्पतालों में आए दिन उजागर हो रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं भले ही प्रचार और विज्ञापनों में आकर्षक नजर आती हो लेकिन हकीकत यह है कि इसकी बुनियादें दीमक चाट चुके हैं। बार–बार ऐसी घटनाएं सामने आना दर्शाता है कि सरकारी अस्पतालों में मानवता, कर्तव्य निष्ठा, जिम्मेदारी एवं मरीजों के प्रति संवेदनाएं कोई स्थान नहीं रखती हैं। शायद यही कारण है कि सरकारी अस्पतालों से बड़ी संख्या में मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर किया जाता है ताकि सरकारी वेतन के साथ–साथ अतिरिक्त स्वास्थ्य संस्थानों से भी मोटी रकम तिजोरिया भर्ती रहे। कुछ दिन यह प्रकरण सुर्खियों में रहेगा लेकिन लकीर की फकीर बना स्वास्थ्य विभाग सुधर पायेगा इसकी कोई उम्मीद नहीं की जा सकती।

# भाजपा को बिहार में दलित, पिछड़ों के सवाल भारी पड़ेंगे

**शकील अख्तर**

चीफ जस्टिस पर जूते से हमले की घटना के साथ रायबरेली में एक दलित हरिओम को भयानक रूप से पीट पीट कर मारने का अर्थ है कानून का डर नहीं हैं। क्या दलित–पिछड़ों की सुरक्षा, सम्मान से जुड़े यह सारे सवाल बिहार चुनाव में भाजपा के हिन्दू मुसलमान के नकली मुद्दे के सामने दब जाएंगे? मोदी फिर चुनाव को भैंस खोलकर ले जाएंगे, मंगलसूत्र छीन लेंगे जैसे हवा हवाई मुद्दों पर ले जा पाएंगे?

राजनीति में कब कौन सा मुद्दा उभर कर सामने आ जाए कोई नहीं कह सकता। भाजपा अपने एकमात्र मुद्दे हिन्दू बनाम मुसलमान पर बिहार चुनाव लड़ना चाह रही थी। मगर अचानक दलित सम्मान, डॉ आम्बेडकर, आरक्षण, सामाजिक न्याय के मुद्दे सामने आ गए।

प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बिहार में लगातार जा जाकर घुसपैठियों का सवाल उठा रहे थे। उनकी मदद करने के लिए चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण ( सर) ले आया। कर भी दिया। सुप्रीम कोर्ट की एक नहीं सुनी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा पहचान पत्र में आधार को मानो। आयोग ने अपनी डाक्यूमेंट की लिस्ट में उसे शामिल तो कर लिया मगर पहचान का प्रमाण नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने कहा किस–किस के नाम काटे हैं और क्यों बताओ?

नहीं बताया। पूरी मनमानी की। सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और उधर चुनाव की तारीख भी घोषित कर दी। लेकिन सबसे बड़ा पेंच यह फंसा कि जिस घुसपैठिए की बात कर रहे थे, वह कहां है? 70 लाख से ज्यादा वोट काटे। मगर एक घुसपैठिए का नाम नहीं बता पाए!

हालांकि इससे कुछ नहीं होगा। बीजपी को सांप बताने के लिए धज्जी की भी जरूरत नहीं पड़ती है। वह हवा में बना देती है। कुछ भी बोल देती है। और गोदी मीडिया उसे सही साबित करने में लग जाता है। मोदी और अमित शाह बिहार में घुसपैठिए शब्द का इस्तेमाल करके हिन्दू बनाम मुसलमान बनाएंगे। इसके अलावा उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। मोदी के 11। साल से ज्यादा के शासन के बाद और नीतीश के 20 साल के शासन के बाद उनके पास बताने के लिए कोई काम नहीं है।

लेकिन क्या इस बार बिहार का दलित, पिछड़ा, बीजेपी की हिन्दू बनाम मुसलमान की बात सुनेगा?

हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घुमा है। सबसे शर्मनाक सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बी आर गवई पर जूते से हमले हुआ। और फिर उससे ज्यादा चिंताजनक उस हमले को सही बताना हुआ। गोदी मीडिया के साथ सोशल मीडिया भी इससे भर गया कि ऐसा हुआ तो ऐसा हुआ। और दूसरे दिन सुबह मीडिया हमला करने वाले वकील के घर उनका इंटरव्यू करने पहुंच गया।

पहले कभी इस तरह के आरोपी और यह तो अपराधी है खुद स्वीकार कर रहा है के इंटरव्यू नहीं होते थे। उन्हें अपने बचाव में तर्क देने के लिए मीडिया अपना मंच उपलब्ध नहीं कराता था। लेकिन यहां तो हमले का महिमामंडन किया जा रहा है।

गवई की मां और बहन सामने आना पड़ा। बोलना पड़ा। होना तो यह चाहिए था कि सुप्रीम कोर्ट के दूसरे जज बोलते। देश भर के हाई कोर्ट बोलते। मगर सब खामोश रहे।



चीफ जस्टिस गवई की मां और बहन को कहना पड़ा कि यह संविधान पर हमला है। अत्यंन्त निंदनीय। कितने दुःख और शर्म की बात है कि जो बात सुप्रीम कोर्ट के दूसरे जजों को कहना चाहिए थी, कानून मंत्री को कहना चाहिए थी। गृह मंत्री को कहना चाहिए थी वह परिवार को कहना पड़ी।

प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया भी बहुत देर से आई। और वे उसमें हमला करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बदले गवई की शांति और संयम की तारीफ कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का घटना की निंदा करने का प्रेस नोट थोड़ी देर बाद ही सामने आ गया था। उन्होंने ठीक मर्म पर हाथ रखा। कहा यह संविधान पर हमला है। पूरे देश को चीफ जस्टिस के साथ खड़ा होना होगा।

उनका यह मैसेज कहां तक जाएगा देखना होगा। फिलहाल तो चीफ जस्टिस को दलित होने के कारण सोशल मीडिया पर खुले आम गालियां दी जा रही हैं। सड़क पर मारने की धमकी दी गई। और जब पुलिस ने पकड़ा तो बीजेपी के नेता जाकर थाने से छुड़ा लाए। थाने से बाहर लेकर आने का वीडियो शान से दिखाया गया। और कहा गया कि सरकार हमारी है।

दलित बहुत अपमानित महसूस कर रहे हैं। भयभीत तो पहले ही थे। कब कहां किस की लिंचिग हो जाए पता नहीं। चीफ जस्टिस वाली घटना के साथ ही रायबरेली में एक दलित हरिओम को भयानक रूप से पीट पीट कर मारा गया। वह बेचारा राहुल गांधी का नाम ले रहा था तो मारने वालों ने कहा कि हम सरकार के लोग हैं।

गांव के दलित हरिओम की पीट पीट कर जाने लेने वालों से लेकर चीफ जस्टिस आफ इंडिया पर जूते से हमला करने वालों को किसी कानून का कोई डर नहीं हैं। उनके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर चीफ जस्टिस आफ इंडिया के गले में एक हांडी बांध दी। जैसे पहले दलितों के गले में बांधी जाती थी। और जो मीम बनया गया है उसमें वकील चीफ जस्टिस गवई के मुंह पर जूता मारता दिखाई दे रहा है। मैसेज क्लियर है कि दलितों को इस तरह रहना होगा।

यह सब अचानक क्यों हुआ?

कहा जा रहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने के बयान की प्रतिक्रिया में। आरक्षण विरोधी जिसमें बीजेपी के समर्थक ही ज्यादा हैं अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पीछे पड़ गए। उन्हें भी गालियां दी जाने लगीं। जबकि मामला सुप्रीम कोर्ट में है जहां मध्य प्रदेश सरकार ने बस इतना कहा है कि पिछड़ों की पचास प्रतिशत से ज्यादा आबादी और उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन को देखते हुए उनका आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर तो बीजेपी के ट्रोलों और भक्तों में दो फाड़ हो गए। बड़ी संख्या में दलित पिछड़े भी बीजेपी को ट्रोल सेना में शामिल थे। वे मोहन यादव का समर्थन करने लगे। जबकि दूसरे उन्हें भस्मासूर बताने लगे। बर्खास्त करने की मांग करने लगे। और आईटी सेल में अपने ही साथी दलित पिछड़ों को गालियां देने लगे।

यह सारा घटनाक्रम उस समय घटित हो रहा है जब बिहार में चुनाव हैं। और बिहार सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी भूमि है। वहां आज तक बीजेपी के नहीं आ पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि दलित, पिछड़ों के बीच वह संदेह की निगाहों से देखी जाती है। उसे अगर कुछ सफलता मिलती है तो नीतीश के कारण जिन्होंने अति पिछड़ों के बीच अपनी जगह बनाई है। बीजेपी का वोट बैंक सवर्ण है। जो बिहार में लगभग 15 प्रतिशत है। बीजेपी बाकी दलित पिछड़ों का कुछ वोट लेकर वहां अपनी स्थिति बनाती है। मगर इस बार जिस तरह सारा माहौल दलित पिछड़ों के खिलाफ हो गया वह सबसे ज्यादा बीजेपी के लिए समस्या है।

ऐसे में ग्वालियर में बीजेपी ने जो अंबेडकर का मामला दबा दिया था वह और ज्यादा विवादों के साथ सामने आ गया है। वहां एक वकील अनिल मिश्रा ने डॉ आंबेडकर के खिलाफ बहुत ही अपमानजनक बातें बोलीं। उन्हें अंग्रेजों का गुलाम और झुठा बोला। कहा कि संविधान वीएन राव ने बनाया था। आंबेडकर तो संविधान को जलाना चाहते थे। इसे लेकर दलितों के बीच बहुत आक्रोश है।

इससे पहले वहां हाइकोर्ट परिसर में अंबेडकर की प्रतिमा लगाना थी। जिसे अंबेडकर विरोधियों ने नहीं लगने दिया। और अब अंबेडकर के खिलाफ इस तरह के शब्दों का प्रयोग किया गया।

क्या दलित–पिछड़ों की सुरक्षा, सम्मान से जुड़े यह सारे सवाल बिहार चुनाव में भाजपा के हिन्दू मुसलमान के नकली मुद्दे के सामने दब जाएंगे? मोदी फिर चुनाव को भैंस खोलकर ले जाएंगे, मंगलसूत्र छीन लेंगे जैसे हवा हवाई मुद्दों पर ले जा पाएंगे? या बिहार चुनाव बेरोजगारी, चुनाव आयोग की धांधलियों, सामाजिक न्याय, दलित चीफ जस्टिस पर हमले, अपमान और दलित पिछड़ों के मसीहा माने जाने वाले डॉ आम्बेडकर पर घटिया आरोप लगाने और लगाने वाले को भी उसी तरह समर्थन मिलने जैसा चीफ जस्टिस पर हमला करने वाले को मिला जैसे मुद्दों पर होगा?

# पीओके में विद्रोह है पर दुनिया ने नजरे फैरी हुई!

**श्रुति व्यास**

सितंबर 2025 के आख़िर से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुज़फ़्फ़राबाद, रावलकोट, कोटली, नीलम एक–एक कर ठप पड़ गए। सड़कें बंद, आवाज़ें बेख़ौफ़, नारे गरजते हुए: "कश्मीर हमारा है, हमीं उसकी क़िस्मत का फ़ैसला करेंगे।" यह शोर नहीं, हताशा, निराशा और टूटना है। चालीस सालों में सबसे बड़े नागरिक उभारों में से एक सामने है मगर दुनिया सुविधाजनक चुप्पी ओढ़े है। सीएनएन (ष्टहह) या बीबीसी (क्चक्चष्ट) की कोई ब्रेकिंग अलर्ट नहीं। डीडब्ल्यू (ष्ठङ्ख) और अल जज़ीरा जैसे कुछ अपवाद छोड़ दें तो वैश्विक मीडिया ने पीओके से नज़र फेर ली। क्यों? क्या इसलिए क्योंकि यह वह कश्मीर है जो पाकिस्तान के जूते तले है। इसलिए यह कहानी दुनिया के चुने हुए स्क्रिप्ट में फ़िट नहीं बैठती।

वह स्क्रिप्ट क्या है?

तैयारशुदा वैश्विक आख्यान–भारत एक "अधिनायकवादी लोकतंत्र", कश्मीर उसका स्थायी पीड़ित, और पाकिस्तान–कश्मीरियों का सदैव "हमीद" भाई। यह ढाँचा, ये जुमले आरामदेह, परिचित और बेचने में आसान हैः थिंक टैंकों का चारा, सक्रियवाद की ऊर्जा, और पश्चिमी नैतिक श्रेष्ठता के लिए आईना। इसी से पाकिस्तान "कश्मीर के चैम्पियन, हितरक्षक" की चादर ओढ़े रखता है जबकि अपने कब्ज़े वाले कश्मीर में कश्मीरी आवाज़ों का गला घोंटता है।पीओके इस द्विआधारी में नहीं समाता। अगर पीओके के जन विरोधों को स्वीकार ले तो यह भ्रम टूटेगा कि कश्मीरी पीड़ा सिर्फ़ भारतीय शासित हिस्से में है और पाकिस्तान की भूमिका "निर्दोष" है। इसका अर्थ यह मानना होगा कि इस्लामाबाद असहमति कुचलता है, कार्यकर्ताओं को जेल में डालता है, चुनावों में हेरफेर करता है, मीडिया को सेंसर करता है–और सेना के ज़रिये पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर लोहे की पकड़ बनाए रखता है। पीओके को देखना पाखंड का पर्दाफ़ाश करना है; उस पर रिपोर्ट करना सिर्फ़ पाकिस्तान ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया और "चयनात्मक आक्रोश" पर करियर बनाने वालों से भी सख़्त सवाल मांगता है।

यह असहज सत्य है कि दुनिया की नज़र में हर कश्मीरी पीड़ा बराबर नहीं–और मानवाधिकार वहीं बोला जाता है जहाँ भू–राजनीति इजाज़त दे।

इसलिए पीओके को कथा से गायब कर दिया जाता है–क्योंकि उसका दर्द राजनीतिक रूप से असुविधाजनक है।

यह उभार रातों–रात नहीं उठा। वहां 2023 में बिजली बिलों और गेहूँ की कमी पर गुस्से से शुरुआत हुई। अगस्त तक यह जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी (छ्वंष्ट) के रूप में सहेजा गया–हर ज़िले के नागरिकों का गठजोड़। मई 2024 में उनका लोंग मार्च खूनी हो गया। 2025 में गुस्सा फिर लौटा–इस बार बड़ा, बेबाक, व्यापक। अब मुद्दा सिर्फ़ राशन–ईंधन नहीं। छ्वंष्ट की ताज़ा चार्टर में 38 माँगें हैं–मुफ़्त स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढाँचा–और सबसे ऊपरः एलीट विशेषाधिकार और सैन्य प्रभुत्व का अंत। सोशल मीडिया से लामबंदी हुई–जब तक इंटरनेट बंद न कर दिया गया। 4 अक्टूबर को पाकिस्तान सरकार ने घबराकर समझौते पर दस्तख़त किए–पर आग बुझी नहीं; वह कर्फ़्यू और गिरफ़्तारियों के नीचे दबकर धधकती रही।

चार दशक में सबसे बड़े नागरिक प्रतिरोध, इंटरनेट ब्लैकआउट, आधी रात की छापेमारियाँ, कर्फ़्यू और नागरिक मौतों के बीच–दुनिया ने आँखे फेर लीं। न ब्रेकिंग न्यूज़, न हैशटैग, न आक्रोश, न एकजुटता। वेस्टमिंस्टर में किसी सांसद ने मुद्दा नहीं उठाया। क्योंकि स्पॉटलाइट हमेशा एलओसी के एक ही तरफ़ रहती है। इस तरफ़–भारतीय कश्मीर में–बेचैनी की फुसफुसाहट, एक पत्थर, एक संवैधानिक बदलाव–हमेशा वैश्विक तमाशा बनता हैः न्यूयॉर्क से जेनेवा तक थिंक टैंक, ओप–एड और वकालत का रेला। इस तरफ़ का कश्मीर दुनिया का सबसे सुविधाजनक रूपक–गिरते लोकतंत्र, बेलगाम राज्य, पीड़ित जनता।

मगर ज़मीन पर हक़ीक़त उस स्क्रिप्ट को झुठलाती है। अपनी तमाम चुनौतियों के बावजूद आज भारतीय कश्मीर लोकतांत्रिक ढाँचे से जुड़ा है–चुनाव होते हैं, अदालतें हैं, संसद में प्रतिनिधि हैं। एक भारतीय कश्मीरी राज्य को चुनौती दे सकता है, वोट से बदल सकता है, सवाल पूछ सकता है, अवज्ञा कर सकता है–लोकतंत्र की यही जद्दोजहद है। यहाँ के पत्रकार रिपोर्ट करते हैं–कभी अतिशयोक्ति, कभी विकृति–यह दमन से नहीं, अभिव्यक्ति की आज़ादी से उपजी विडंबना हैः स्वतंत्रता हमेशा सत्य नहीं पैदा करती, पर वह केवल बोलने का अधिकार देती है।उस पार, एलओसी के दूसरी ओर, पीओके को डिज़ाइन से बेड़ियों में रखा गया है। न पाकिस्तान की संसद में हिस्सेदारी, न उसकी सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच, न मौलिक अधिकारों की ढाल। पीओके की पत्रकारिता सख़्त दमन में हैः विदेशी पत्रकारों को शायद ही वीज़ा मिलता है, और मिले तो सेना–इंटेलिजेंस की निगरानी में; स्थानीय रिपोर्टर डर, सेंसर और जासूसी में जकड़े रहते हैं–ख़ासकर जब वे सैन्य हस्तक्षेप या जन असंतोष पर लिखते हैं। स्वतंत्र मानवाधिकार संगठनों की एंट्री बंद–बाहरी जाँच लटक जाती है। विरोध के दिनों में इंटरनेट शटडाउन रूटीन है–ज़मीन की लामबंदी भी खामोश, कवरेज भी। नतीजाः दक्षिण एशिया के सबसे कम कवर और सबसे कम समझे गए संघर्ष–क्षेत्रों में पीओके शुमार है–जहाँ राज्य कहानी पर नियंत्रण ही नहीं रखता, उसे मिटा देता है।

दोहरे मापदंड क्यों?

क्योंकि वैश्विक नज़र चयनात्मक है–वह वहाँ सत्ता की आलोचना करती है जहाँ सुरक्षित हो, न कि जहाँ ज़रूरी हो। हक़ों की हिमायत तब करती है जब कथा में फ़िट बैठे–न कि जब कथा को चुनौती दे। इस फ्रेम में कश्मीरी पीड़ित सिर्फ़ नक्शे की एक ही तरफ़ "मान्य" है।

कहीं न कहीं भारत भी अपनी कहानी कहने–और बेचने–में अटकता है। या वह कंट्रास्ट ढंग से फ्रेम नहीं कर पाताः इस तरफ़ का कश्मीर, जटिलताओं सहित, बढ़ रहा है, खुल रहा है, पुनर्कल्पित हो रहा है–जबकि दूसरी तरफ़ भूगोल ही नहीं, राजनीति से भी लैंडलॉक है–दो अधिनायक आश्रयों, पाकिस्तान और चीन, के बीच–जहाँ आवाज़ें दबती हैं और भविष्य घुटता है।

# सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने शादी से पहले ही खरीदा था ड्रीम हाउस

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा लाइफ से जुड़ी अपडेट्स अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने एक वीडियो में बताया कि शादी से पहले ही उन्होंने और जहीर इकबाल ने अपना ड्रीम हाउस खरीद लिया था। अपने नए व्लॉग में सोनाक्षी ने मुंबई स्थित नए घर के बारे में बात की, जिसका रिनोवेशन अभी जारी है। उन्होंने यह बताया कि बहुत जल्द ही वह अपने पति के साथ यहां रहने जाएंगी। सोनाक्षी सिन्हा ने व्लॉग की शुरुआत यह बताकर की कि पिछले 9 महीनों से इंटीरियर डिजाइनर और ठेकेदार घर को संवारने में जुटे हैं। वीडियो में पति–पत्नी मुंबई में स्थित एक विशाल घर के अंदर जाते दिखाई दिए। फिर दोनों ने किचन, लिविंग रूम और बालकनी को दिखाया।



वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा कहती हैं, तो, असल में शादी के कुछ 10 दिन पहले हमने यहां की पूजा की थी और पायल (इंटीरियर डिजाइनर) को ढूंढा, जिन्होंने उसी बिल्डिंग में लगभग 6 फ्लैट बनाए हैं, इसलिए उन्हें सब कुछ अच्छी तरह से पता है। फिर हमें एक ठेकेदार मिले, जिन्होंने 9 महीनों में फ्लैट बना दिया। इस वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा जहीर से पूछती हैं कि उनके सपनों के घर का क्या आइडिया है, तो जहीर ने मजाकिया अंदाज में बताया कि वह हमेशा से चाहते थे कि उनके घर का बेसिन इस तरह हो कि पानी हमेशा बीच में गिरे और उन्हें उसे बंद करने के लिए दोबारा छूना न पड़े। इसके अलावा, वह चाहते थे कि सारा फर्नीचर मजबूत हो ताकि कोई भी उस पर कभी भी नाच सके।

## उसे आने दो! फैन के लिए सिक्योरिटी गार्ड पर भड़के रोहित शर्मा, लगाई फटकार

मुंबई , भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे की अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। इसी बीच मुंबई के शिवाजी पार्क में उनके अभ्यास सत्र का एक वीडियो सोशल द्वद्गस्रद्बड्ड पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने एक युवा प्रशंसक के लिए सुरक्षाकर्मी पर भड़कते और उसे फटकार लगाते नजर आ रहे हैं। रोहित के इस व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है।

घटना उस वक्त की है जब रोहित शर्मा पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर के साथ करीब दो घंटे तक अभ्यास कर रहे थे। उन्हें ट्रेनिंग करते देखने के लिए प्रशंसकों की काफी भीड़ जमा थी। इसी दौरान एक बच्चा सुरक्षा घेरा तोड़कर अपने पसंदीदा क्रिकेटर से मिलने के लिए भागा, जिसे एक सुरक्षाकर्मी ने सख्ती से रोक लिया। यह देखकर रोहित ने तुरंत अपना अभ्यास रोका और सुरक्षाकर्मी को डांटते हुए कहा कि बच्चे को उनके पास आने दिया जाए। इसके बाद उन्होंने उस युवा प्रशंसक से मुलाकात की और उसे निराश नहीं लौटाया। आपको बता दें कि रोहित शर्मा 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## महिला विश्व कप : हरलीन देओल को 'गुडबाय का इशारा, साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

दुबई ,साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रमक प्रतिक्रिया से संबंधित है। इस स्पिनर को आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का



पहला अपराध है। आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। यह घटना भारतीय पारी के 17वें ओवर में हुई, जब म्लाबा ने हरलीन देओल को आउट किया। विकेट लेने के बाद, जब भारतीय बल्लेबाज मैदान से बाहर जा रही थीं, तो म्लाबा ने उन्हें 'गुडबायइ का इशारा किया। आईसीसी ने बयान में कहा, म्लाबा ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की ओर से प्रस्तावित दंड को स्वीकारा है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं थी।

## शमिता शेट्टी ने सप्तशृंगी देवी, शिर्डी और त्र्यंबकेश्वर में बिताए दो दिन, माँगा दिव्य आशीर्वाद



अभिनेत्री शमिता शेट्टी अपनी बहन शिल्पा शेट्टी के साथ एक आध्यात्मिक यात्रा पर निकली हैं, जहां उन्होंने महाराष्ट्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों सप्तशृंगी देवी मंदिर, शिर्डी और त्र्यंबकेश्वर में भव्य दर्शन करते हुए दिव्य आशीर्वाद मांगा। भगवा साड़ी में सजी शमिता ने अपनी सादगी और भक्ति से सबका ध्यान खींचा, जब उन्होंने श्रद्धा भाव से पूजा–अर्चना की। शमिता ने अपनी इस यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, सप्तशृंगी देवी मंदिर, शिर्डी और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा में बिताए गए दो खूबसूरत दिन। नाशिक के पास स्थित सप्तशृंगी देवी मंदिर में दोनों बहनों ने देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद शमिता शिर्डी पहुंचीं, जहां उन्होंने साई बाबा के दरबार में माथा टेका।

उन्होंने अपनी इस धार्मिक यात्रा का समापन त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ किया, जो भारत के बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

## दिलबर की आँखों का सॉन्ग पर परफॉर्म करना बेहद रोमांचक अनुभव रहा

इसमें कोई शक नहीं कि जब ग्लोबल स्टार नोरा फतेही स्क्रीन पर आती हैं, तो हर फ्रेम में धमाका होता है। आने वाली फिल्म थाम्मा के गाने दिलबर की आँखों का के साथ, नोरा एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं, एक ऐसा प्रदर्शन जो प्योर सिनेमाई आकर्षण है। नोरा की दमदार मौजूदगी, बेजोड़ एक्सप्रेशन्स और तेज़तर्रार कोरियोग्राफी हर पल को पावर और ग्लैमर से भर देती है। यह सिर्फ एक और गाना नहीं है – यह नोरा फतेही का जलवा है, जो एक बार फिर यह साबित करता है कि क्यों वह आज भी बॉलीवुड की सबसे एनर्जेटिक और आकर्षक परफॉर्मर बनी हुई हैं।

## गिल का औसत टेस्ट में बाबर से ज्यादा, शतक के मामले में भी भारतीय कप्तान आगे

नई दिल्ली।भारतीय क्रिकेट के 'शुभ' युग का आगाज हो चुका है। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2–2 की बराबरी पर समाप्त होने के बाद भारतीय टीम की नजर वेस्टइंडीज को घरेलू टेस्ट सीरीज में धूल चटाने पर है। अहमदाबाद में खेले गए पहले मुकाबले में पारी और 140 रन से जीत दर्ज करने के बाद मेजबान दिल्ली टेस्ट में भी जीत के करीब हैं। इस मैच की पहली पारी में कप्तान शुभमन गिल ने अपने करियर के 10वें टेस्ट शतक से विपक्षियों के धागे खोल दिए। उन्होंने 129 रनों की नाबाद पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी है। दिलचस्प बात यह है कि 26 वर्षीय भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व टेस्ट कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। आइये विस्तार से चर्चा करते हैं... गिल ने अब पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को टेस्ट क्रिकेट में औसत और शतकों के मामले में पछाड़ दिया है। शुभमन गिल ने अब तक 39 टेस्ट मैचों में 2826 रन बनाए हैं। उनका औसत 43.47 है और उन्होंने 10 शतक व आठ अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रन है।



वहीं, बाबर आजम ने अब तक 59 टेस्ट मैचों में 4235 रन बनाए हैं। उनका औसत 42.77 है। उन्होंने नौ शतक और 29 अर्धशतक लगाए हैं, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 196 रन रहा है। इस प्रदर्शन के साथ भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान न केवल बाबर को औसत में पीछे छोड़ा है, बल्कि कम मैचों में अधिक शतक बनाकर अपनी निरंतरता और क्लास दोनों साबित की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सहकारिता मेले में 35 पशुपालकों को बांटी किट

श्रीनगर गढ़वाल : आवास विकास मैदान स्थित जनपद स्तरीय सहकारिता मेले में पशुपालन विभाग द्वारा श्रीनगर एवं आस पास के क्षेत्रों के 35 पशुपालकों को उत्तम गुणवत्ता का चारा बीज, मिल्क किट, कैल्शियम, मिनरल मिक्सचर सहित अन्य सामग्री वितरित की है। मेले में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. विशाल शर्मा ने काश्तकारों को सम्बोधित करते हुए बताया है कि इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों के पशुओं का दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करना व पशु स्वास्थ्य में सुधार करना है। उन्होंने पशुओं में संतुलित आहार एवं उन्नत तकनीक की जानकारियां पशुपालकों को दी हैं। मेले में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा उन्नत तकनीकों के साथ साथ पशुओं में होने वाली बीमारी व उनके बचाव के लिए सावधानियों पर विशेष जानकारी दी गयी। विभाग से संबंधित चिकित्सकों व कर्मचारियों ने पशुधन को पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि एवं आर्थिकी की रीढ़ बताते हुए कहा कि पशुओं को संतुलित आहार देने से उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. विशाल शर्मा, डा. उत्तम कुमार, एलइडी कलम सिंह नेगी, आशाराम उनियाल, पशुधन प्रसार अधिकारी ज्ञान प्रकाश, वेक्सीनेटर आनन्द सिंह नेगी, गुरुदयाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### वन विभाग गुलदार प्रभावित गांवों में लगाएं पिंजरे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल के विधायक सतपाल महाराज ने पोखड़ा ब्लाक में सक्रिय गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। महाराज ने इस संबंध में डीएम पौड़ी और वन विभाग के अफसरों से बात की है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पोखड़ा ब्लाक के डयूला, देवकुंडई व आस-पास के इलाकों के साथ ही एकेश्वर ब्लॉक के गांवों में भी गुलदार की दहशत बनी हुई है। महाराज ने कहा कि डीएम और वन विभाग के अफसरों से इस संबंध में बात की गई है। इस दौरान बताया गया कि विभाग ने प्रभावित गांवों में गश्त बढ़ा दी है और गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे भी लगाये जा रहे हैं।

### जिले के 91 स्कूलों में वर्चुअल क्लास रूम शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा से प्रदेश के 840 स्कूलों में बनी स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। इसमें पौड़ी जिले की 91 स्कूलों में बनी वर्चुअल स्मार्ट क्लास भी शामिल है। इसी के साथ जिले में अब स्मार्ट क्लास रूम बढ़कर 172 हो गए हैं। डीईओ माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने जानकारी दी कि 81 स्कूलों में 2018-19 में से वर्चुअल कक्षों का संचालन हो रहा है, आज 91 वर्चुअल स्मार्ट क्लास जिले में और शुरू हो गई। कहा कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा में बने विषयवार सजीव प्रसारण स्टूडियो से पारंपरिक विषयों के अलावा छात्रों को मानसिक, शारीरिक और कुशल बनाने के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। शनिवार को वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूमों का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार के राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ की वर्चुअल स्मार्ट क्लास में मौजूद छात्रों से संवाद किया। 10 वीं कक्षा की छात्रा यामिनी ने इस दौरान वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूम के लिए सीएम का आभार जताया। जिला मुख्यालय में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज पौड़ी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी ने भी शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ शिरकत की। पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी ने कहा कि वर्चुअल स्मार्ट क्लास से छात्र-छात्राओं को काफी सहुलियत मिलेगी और शिक्षण के क्षेत्र में टू वे कंम्यूनिकेशन का लाभ वे उठा सकेंगे।

### केदारनाथ हाईवे पर खतरनाक बने काकड़ागाड का होगा ट्रीटमेंट

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर बीते लम्बे समय से खतरनाक बने काकड़ागाड़ का एनएच लोनिवि द्वारा रॉक फॉल वैरियर ट्रीटमेंट किया जाएगा। विभाग ने टीएचडीसी से सर्वेक्षण के बाद भारत सरकार के केंद्रीय सड़क मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है।

हालांकि ट्रीटमेंट पर आने वाली लागत के लिए भी टीएचडीसी से अध्ययन कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस पर करीब 19 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च हो सकती है।

# डीएवी और एमकेवीएन स्कूल ने जीता वॉलीबॉल प्रतियोगिता का पहला मुकाबला

### आईएचएमएस में शुरु हुई लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**



**कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज आईएचएमएस कॉलेज की ओर से लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी स्मृति अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता में कोटद्वार क्षेत्र के 22 विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच एमकेवीएन स्कूल और आरपी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया।बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत, कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं रिटायर्ड ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कोच सुनील रावत ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में खेलों में अपार संभावनाएं हैं। युवा अब खेल में अपना भविष्य बना रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की। बालक वर्ग में आरपी और एमकेवीएन के बीच हुए उदघाटन मैच के पहले सेट में दानों टीमों के बीच संघर्ष हुआ, लेकिन दूसरे सेट में एमकेवीएन के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच 15-10 से मैच अपने नाम किया। बालिका वर्ग का पहला मैच डीएवी पब्लिक स्कूल और बाल भारती स्कूल के बीच हुआ। जिसमें डीएवी ने लगातार दो सेटों में 15-10 और 11-15 के अंतर से मैच जीतकर अगले पायदान पर कदम रखा।

शाम तक सभी विद्यालयों के लीग मैच चलते रहे। मैच का आंखों देखा हाल असिस्टेंट प्रो. सुरेंद्र जगवान, अनुराग सेमवाल और प्रवीन त्रिपाठी ने सुनाया। इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक असिस्टेंट प्रो. अंकित कुकरेती, गुरदीप सिंह, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कल्चर कमेटी अध्यक्ष सपना नेगी रौथाण सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और विभिन्न विद्यालयों के कोच उपस्थित रहे।

### 13 अक्टूबर को नौगांवखाल में लगेगा परीक्षण शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड एकेश्वर व पोखड़ा के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहायता उपकरण परीक्षण शिविर 13 अक्टूबर को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज नौगांवखाल में आयोजित होगा। अभिभावकों को परीक्षण किए जाने वाले बच्चे का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, दो फोटोग्राफ, आधार कार्ड व बी पी एल प्रमाण पत्र भी साथ लाना होगा। उप खंड शिक्षा अधिकारी एकेश्वर गुंजन अमरोही के हवाले से जानकारी देते हुए शिक्षक कैलाश थपलियाल ने बताया कि कक्षा एक से बारह तक विद्यालयों में नामांकित, गैर नामांकित तथा गृह आधारित शिक्षण के अंतर्गत शारीरिक रूप से कमजोर, श्रवण बाधित, अस्थि दिव्यांग, सेरेबल पाल्सी, बहु दिव्यांग व बौद्धिक रूप के अक्षम को सहायता उपकरण प्रदान करने हेतु जिला परियोजना समग्र शिक्षा व एलिम्को कानपुर के सहयोग से एक दिवसीय परीक्षण जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के साथ सहायता उपकरण भी वितरित किए जायेंगे।

# जलागम प्रबंधन निदेशालय के सचिव ने लिया कार्यों का जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जलागम प्रबंधन निदेशालय के सचिव दिलीप जावलकर ने शुक्रवार देर शाम को जनपद पौड़ी गढ़वाल के दुगड्डा ब्लॉक के जमरगड्डी गांव में ग्रीन-एजी परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के साथ-साथ ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान सचिव ने परियोजना के तहत किसानों एवं समुदायों के सहयोग से की जा रही गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

परियोजना के अंतर्गत कृषि को वैश्विक पर्यावराणीय उद्देश्य के साथ समेकित किया जाता है। परियोजना के अति वरीयता में चयनित 82 ग्रामों में मानव वन्य जीव संघर्ष, लेंटाना उन्मूलन, चैन लिंक घेर बाड़, स्थानीय प्रजातियों के बीजों, नस्लों तथा फार्मर फील्ड स्कूल के माध्यम से कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि लैंडस्लाइड से कईं घरों को इस वर्ष की आपदा से क्षति हुई है। गांव को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुलों पर हो रहे कार्यों में तेजी लाने की मांग ग्रामीणों ने की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गेंदा स्वयं सहायता समूह को हल्दी, अदरक के क्लस्टर आधार पर सब्सिडी एवं सीसीएल लिमिट के प्रावधानों के बारे में अवगत कराते हुए कहा गया कि दुगड्डा ब्लॉक में इस परियोजना से अब तक कई किसान लाभान्वित हो चुके हैं, जिनके खेतों में संरचनात्मक सुधार, जल संरक्षण के उपाय और नई तकनीकों के उपयोग से उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, संयुक्त निदेशक जलागम डॉ. ए.के. डिमरी, उप वन संरक्षक तरुण एस., उप निदेशक जलागम डॉ. डी.एस. रावत व सहायक वन संरक्षक रजत कपिल मौजूद रहे।

# रैली निकालकर दिया पोलिया खुराक पिलाने का संदेश




**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रोटरी क्लब कोटद्वार व बेस चिकित्सालय कोटद्वार के तत्वावधान में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने लकड़ी पड़ाव में पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो खुराक पिलाने की अपील की गई।

गाड़ीघाट स्थित जे.पी इंटर कालेज में रैली का शुभारंभ रोटरी क्लब के सचिव विजय कुमार ने किया। रैली झूलाबस्ती, मोविन नगर, स्टेडियम, लकड़ी पड़ाव, प्रजापतिनगर, काशीरामपुर तल्ला होते हुए वापस जे.पी इंटर कालेज में संपन्न हुई। रैली में नगर पालिका प्राथमिक विद्यालय 1 व 11 एवं जे.पी इंटर कॉलेज के 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर धीरजधर बछवाण, विजय कुमार माहेश्वरी, विजय कुमार, पल्स पोलियो प्रभारी गोपाल बंसल, सुभाष बहुगुणा, रश्मि नेगी, विशेश्वरी देवी, वकार अहमद, के.सी कुकरेती, विवेक कुकरेती, चन्द्रमोहन सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

### तीन लाख की ठगी का साइबर ठग गाजियाबाद से गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : तीन लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक साइबर ठग को पुलिस की साइबर सेल टीम ने गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर ने बताया कि स्थानीय निवासी विनोद कुमार बहुगुणा ने कुछ दिन पूर्व कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक बैंक के नाम से एक विज्ञापन आया, जिसमें बैंक संबंधी सूचनाएं प्राप्त करने का दावा किया गया था। इस लिंक को वास्तविक समझते हुए उन्होंने उस पर क्लिक कर दिया। उसके बाद लिंक के माध्यम से संपर्क करने वाले व्यक्ति ने खाते से संबंधित सामान्य जानकारी मांगी, उन्होंने गलती से जानकारी भी साझा कर दी। इसके बाद उनके खाते से तीन लाख पद्रह हजार रुपये की धनराशि ऑनलाइन कट गई। इसके बाद उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सर्विलेंस और डिजिटल ट्रेसिंग के माध्यम से साइबर ठग की पहचान की और उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिवम शर्मा पुत्र दिनेश कुमार शर्मा निवासी खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश बताया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# बालक वर्ग में हेरिटेज एकेडमी-ए और बालिका वर्ग में टीसीजी स्कूल बनीं चैंपियन

### कृष राणा और दीपिक नेगी को मिला बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार ,काव्यांश और अनुष्का चुने गए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकेडमी में आयोजित चौथे वार्षिक ब्रिग हेड मेमोरियल बास्केटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार देर शाम को समापन हो गया है। बालक वर्ग में हेरिटेज एकेडमी-ए और बालिका वर्ग में टीसीजी पब्लिक स्कूल की टीम चैंपियन बनी।

बालक वर्ग में कृष राणा बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और काव्यांश बरुआ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। वहीं, बालिका वर्ग में दीपिका नेगी बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और अनुष्का नेगी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए।

विद्यालय प्रांगण में खेली गई प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. रूपमाला सिंह एवं निदेशक कुंवर अजय सिंह ने किया।

बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में कांवेंट ने हेरिटेज एकेडमी-बी को 27-13, टीसीजी ने सेंट मेरीज नजीबाबाद को 38-27, हेरिटेज एकेडमी-ए ने आरसीडी पब्लिक स्कूल को 38-17 और डीएवी ने एसजीआरआर को 34-20 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में हेरिटेज-ए ने टीसीजी को 37-19, दूसरे सेमीफाइनल में कांवेंट ने डीएवी पब्लिक स्कूल को 24-18 अंकों के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हेरिटेज एकेडमी-ए ने कांवेंट स्कूल को 50-16 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

वहीं, बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हेरिटेज एकेडमी ने डीएवी को 28-6, टीसीजी ने कांवेंट स्कूल को 29-4, हेरिटेज एकेडमी ने आरपी पब्लिक स्कूल को 20-5, कांवेंट स्कूल ने एसजीआरआर को 28-2 और डीएवी पब्लिक स्कूल ने आरपी पब्लिक स्कूल को 17-9 अंकों के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में टीसीजी ने डीएवी को 32-16, दूसरे सेमीफाइनल में हेरिटेज एकेडमी ने कांवेंट स्कूल को 30-17 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में टीसीजी पब्लिक स्कूल ने हेरिटेज एकेडमी को 24-16 से हराकर चैंपियनशिप जीती।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में एनएसएस इकाई शुरू

### शंकर बहादुर को सौंपी कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी




जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शनिवार को देवरामपुर स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई का शुभारंभ हो गया है। एनएसएस इकाई का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के गढ़वाल मंडल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी द्वारा किया गया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावनाओं को जागृत करता है और भविष्य के लिए एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के पीजीटी अर्थशास्त्र के शिक्षक शंकर बहादुर को विद्यालय के नवीन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनका व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करने में मदद करना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नूतन बिष्ट ने विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई के संचालन के लिए माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल पौड़ी और कार्यक्रम समन्वयक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर अपना भविष्य उज्जवल कर सकते है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि डैफोडिल पब्लिक स्कूल गढ़वाल मंडल की एक सर्वश्रेष्ठ इकाई बनने के लिये पूर्ण मनोयोग से कार्य करेगी।

### 346 बच्चों ने दी मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड खिर्सू के पांच परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कक्षा छठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी खिर्सू अश्विनी रावत ने बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को नई दिशा देना एवं छात्रवृत्ति उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा खर्सू के पांच परीक्षा केंद्रों में हुई। बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज देवलगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज चौरीखाल, राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू, राजकीय इंटर कॉलेज खिर्सू सहित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में परीक्षा केंद्र में 346 बच्चों ने परीक्षा दी।

# बालिकाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना ही वास्तविक विकास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शनिवार को त्रिपालीसैंण कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल में बाल विकास विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। ब्लाक प्रमुख थलीसैंण सुनीता देवी ने कहा कि बालिकाएं समाज की रीढ़ है उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना ही वास्तविक विकास है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को महिला हेल्प लाइन, बाल विवाह से लेकर नंदा गौरा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, कविता व नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कन्या भ्रूण हत्या चुनौतियां एवं समाधान पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सोनल, तनिष्का व सोनम और निंबध प्रतियोगिता में सोनल, शिवांशी और कंचन ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। बालिकाओं को किशोरी किट भी दिए गए। वन स्टॉप सेंटर की से लक्ष्मी रावत ने पोक्सो, राष्ट्रीय महिला हेल्प लाइन, बाल विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिशन शक्ति के जिला समंवयक कास बहुगुणा ने प्रधान मंत्री मातृत्व योजना व नंदा गौरा योजना के बारे में बताया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। डीपीओ देवेंद्र थपलियाल के निर्देशन में आयोजित हुए कार्यक्रम का इससे पूर्व ब्लॉक प्रमुख थलीसैंण सुनीता देवी व प्रधानाचार्य सुधा गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

### प्रो . नैथानी उदयपुर में सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रो. भानु प्रसाद नैथानी को उदयपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्रकृति कान्फ्रेंस-2025 में प्रकृति सोसाइटी की ओर से प्रकृति अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो. नैथानी को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति के प्रति जागरूकता पर अवार्ड दिया गया है।

# वाद-विवाद में प्रियांशी और किरन रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सूचना का अधिधिकार अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आरटीआई वीक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्वतंत्रता सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा गढ़वाल में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि आरटीआई अधिनियम ने सरकारी विभागों में प्रशासनिक दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद की है। प्राध्यापक सतेंद्र कुमार ने अधिनियम की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र का बेहतरीन हथियार है। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूचनाधिकार के पक्ष में अपनी बात रखते हुए प्रियांशी, शिवांगी व लता ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में अपना पक्ष रखते हुए किरन ने पहला, रौनक ने दूसरा व रितिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी पहले, रितिका दूसरे व मेघा तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य इंदु तिवारी ने किया। कार्यक्रम में डा. अर्चना, डा. हरीशचंद्र जोशी, डा. पवन कुमार, डा. दानिश मसूद, डा. पृथ्वीराज कोरंगा, डा. प्रवीण कुमार, प्रयोगशाला सहायक प्रियांक मैठाणी आदि शामिल रहे। संचालन डा. साधना त्रिपाठी ने किया।

### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से स्थानीय लोग सहित व्यापारी परेशान हैं। बिजली कटौती से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारी तनुज बडोनी ने कहा कि बिजली कटौती के कारण परेशानियां हो रही है। बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज निकालने पहुंच रहे छात्रों सहित लोगों को बिजली न होने के कारण बैरंग लौटना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु रखे जाने की मांग की है। इधर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता जीएस रावत ने बताया कि हाल ही में विभिन्न स्थानों पर आयी आपदा के चलते विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। साथ ही पिटकुल में मरम्मतीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते विद्युत कुछ समय के लिए बंद की जा रही है। (एजेंसी)

# गजे सिंह रौथाण बनें जीएमओयू संचालक मंडल के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वार : यातायात कंपनी जीएमओयू लिमिटेड के संचालक मंडल का अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक गजे सिंह रौथाण को चुन लिया गया है। इस मौके पर कंपनी की उपसमितियों का गठन भी किया गया।

शनिवार को संचालक मंडल के सदस्यों की कंपनी मुख्यालय में आयोजित बैठक में अध्यक्ष पद के लिए गजे सिंह रौथाण के नाम का प्रस्ताव संचालक ताजबर सिंह खत्री ने रखा और संचालक गणेश भट्ट के अनुमोदन के पश्चात उन्हें संचालक मंडल का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

तत्पश्चात गठित उपसमितियों में अर्जुन सिंह रावत को अध्यक्ष वित्त समिति, संजय कुमार बड़थ्वाल को अध्यक्ष पेट्रोल समिति, गणेश भट्ट को अध्यक्ष यातायात समिति और ताजबर सिंह खत्री को भूमि, भवन व पर्यटन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सचिव विजयपाल सिंह नेगी, पर्यटन अधिकारी अनिल बर्गली, सहायक यातायात प्रबंधक दीपक सिंह नेगी, कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष गोपाल रावत सहित समस्त संचालक मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र ADVIK BISHT की जन्मतिथि 10.04.2024 भूलवश दर्ज हो गयी है। जबकि मेरे पुत्र ADVIK BISHT की सही व वास्तविक जन्मतिथि 22-02-2024 है, जो कि उनके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।

अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र ADVIK BISHT की सही व वास्तविक जन्मतिथि 22-02-2024 दर्ज की जाय।

No-4095793P Rank NK अंकित सिंह पुत्र श्री जसपाल सिंह बिष्ट निवासी ग्राम व पोस्ट पदमपुर मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन- 246149

# कैरम प्रतियोगिता में दिव्यांशु, सानिया ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में इन्डोर गेम प्रतियोगिता के अंतर्गत कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैरम प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में दिव्यांशु सिंह नेगी, महिला वर्ग में सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने किया। कैरम प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में दिव्यांशु सिंह नेगी बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, शिवम बीए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सानिया बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, अंजली बीएससी पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. प्रमिल्ला चौहान, डॉ. बचन सिंह शामिल थे। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ. अतुल सिंह, बलबीर सिंह, धर्म सिंह, अनिल कुमार, अनिल पोखरियाल, अनिल ध्यानी, सुशांत धस्माना आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने वन कर्मियों के हित में लिया बड़ा फैसला

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए हुए है। इसी क्रम में वन विभाग के अंतर्गत दुर्गम क्षेत्रों में तैनात वन कर्मियों को अब आवासीय भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लहमारे वनकर्मी प्रदेश की बहुमूल्य वन संपदा और वन्यजीवों की रक्षा में दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। दूरस्थ और दुर्गम चौकियों पर तैनाती के दौरान उन्हें अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है। ऐसे में उनके परिवार के लिए अलग से आवास व्यवस्था करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होती है। सरकार ने इस कठिनाई को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि दुर्गम क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां तैनात वन कर्मियों को आवासीय भत्ता अनुमन्य किया जाएगा।ह्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उन वनकर्मियों के लिए राहत लेकर आएगा जो जंगलों की सुरक्षा में लगातार जुटे रहते हैं।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

No:-M-15-CAMC-HRE-MB/RAC-25 Date- 09.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या M-15-CAMC-HRE-MB/RAC-25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 31.10.2025 को 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | M-15-CAMC-HRE-MB/RAC-25 |
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of HRE/VFC at ART/MB and ART/RAC of Moradabad Division for three years" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | | 31.10.2025, 15:00 बजे | |
| एडवेटाइज्ड वैल्यू | रुपये 34,75,089.81/- | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

3133/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### रगड़ गांव और कुंड के लिए खाद्यान्न उठान हेली सेवा से किया

नई टिहरी।डीएम नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में आपदा प्रभावित क्षेत्र रगड़ गांव एवं कुंड के लिए हेली सेवा के माध्यम से खाद्यान्न उठान कार्य का कार्य किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि पूर्ति विभाग ने शनिवार को तहसील धनोल्टी क्षेत्रान्तर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्र रगड़ गांव एवं कुंड के लिए हेली सेवा के माध्यम से खाद्यान्न उठान कार्य किया जा रहा है। बताया कि अभी तक कुंड के लिए गेहूं, चावल एवं नमक सहित 16 कुंटल का खाद्यान्न उठान कर लिया गया है। इसी प्रकार 32 कुंटल का खाद्यान्न उठान का कार्य रगड़ गांव के लिए शाम तक कर लिया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक शाह, खाद्य पूर्ति निरीक्षक हिमानी गैरोला, पूर्ति सहायक विनीत सेमवाल आदि मौजूद रहे।

### परिवहन विभाग ने 65 चालान कर 5 वाहन सीज किए

नई टिहरी। परिवहन विभाग ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए सघन चैकिंग अभियान चलाकर 65 वाहनों के चालान कर 5 वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की है। यह जानकारी देते हुये एआरटीओ सत्येंद्र राज ने बताया कि डीएम टिहरी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर पर परिवहन विभाग ने जनपद के विभिन्न हिस्सों में चैकिंग अभियान चलाया है। इस विशेष अभियान के तहत मुनिकीरेती–टिहरी मोटर मार्ग दो दिवसीय सघन प्रवर्तन संचालित किया गया। इस दौरान विभिन्न अभियोगों में एमवी एक्ट के तहत यथा बिना हेलमेट, बिना पंजीयन, बिना बीमा, बिना कर, ओवरलोड , ओवरस्पीड, एचएसआरपी, बिना लाइसेंस संचालित पाए गए 65 वाहनों के चालान करने के साथ ही 5 वाहन सीज किए गए। इस मौके पर परिवहन विभाग की टीम में शैलेंद्र बिष्ट, अनंत राम रावत, अर्जुन सिंह, विपिन सिंह आदि शामिल रहे।

### मुलायम के प्रदेश महामंत्री बनने पर जताई खुशी

नई टिहरी। भाजपा युवा मोर्चा में टिहरी जिले के थौलधार ब्लॉक के निवासी मुलायम सिंह रावत को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त कर मिष्ठान वितरण किया। कहा कि मुलायम सिंह युवाओं के बीच में लंबे समय से कार्य कर रहे हैं। साथ ही सीएम के जनसंपर्क अधिकारी के रूप में टिहरी जिले ही नहीं,बल्कि पूरे प्रदेश को भली भांति जानते हैं। उनके प्रदेश महामंत्री बनने से युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने मुलायम सिंह रावत को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट,सीएम पुष्कर सिंह धामी,महामंत्री संगठन अजेय कुमार आदि का आभार जताया।

### चंबा महोत्सव के लिए स्थल निरीक्षण किया

नई टिहरी।डीएम नितिका खण्डेलवाल ने बादशाहीथौल के रानीचोरी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। ढरसाल गांव में आगामी चंबा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। पालिका को चंबा के मेला स्थल में साफ सफाई एवं सीढ़ियों को ठीक करवाने को निर्देशित किया। खेल स्थल को पूरी तरह से सुरक्षित व व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। डीएम ने सौंद कोटी में लोगों के रास्तों एवं स्ट्रीट लाइट की मांग पर स्थलीय निरीक्षण कर सड़कों का जायजा लिया गया। ईओ चंबा ने बताया कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कर दी गई है। इस दौरान डीएम ने पक्षी कुंज का निरीक्षण कर ईओ चंबा को गंदगी साफ करवाने को कहा। साथ ही एसएचओ को क्षेत्र में गश्त करने तथा वन विभाग को पक्षी कुंज में बने पॉन्ड्स को ठीक करवाने को निर्देशित किया। डीएम ने वानिकी महाविद्यालय रानीचोरी का भी निरीक्षण किया।

### 5 लाख की स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी। ड्रग्स के खिलाफ थाना मुनि की रेती पुलिस व एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त कार्यवाही में एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर 17 ग्राम स्मैक बरामद की है। स्मैक की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 5 लाख के करीब है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही कर न्यायलय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही के लिए एसएसपी आयुष अग्रवाल ने टीम की सराहना की। पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार सीएम धामी के प्रदेश को नशामुक्त अभियान के तहत जनपद टिहरी गढ़वाल में एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ नियमित कार्यवाही की जा रही है।

# आधुनिक युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल एवं स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा (देहरादून) में आयोजित कार्यक्रम में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा विद्यालयी शिक्षा में आई.सी.टी. योजना के अंतर्गत 840 राजकीय विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में संचालित वर्चुअल एवं स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल तकनीक, वर्चुअल प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से अनेक संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। इन नवाचारों के माध्यम से पाठ्यक्रम अधिक रोचक और सरल बन रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी विशेषज्ञों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है तथा 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कहा कि अब विद्यार्थी 'उत्तराखंड वर्चुअल लर्निंग एप्लीकेशन' के माध्यम से घर बैठे आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। राज्य के प्रत्येक विकासखंड के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजा जा रहा है। राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में 8 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है, जिससे 42 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में पहली बार 12वीं के व्यावसायिक छात्रों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से 146 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। इस पहल की सराहना केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी की है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक उमेश शर्मा 'काऊं', अपर सचिव शिक्षा श्रीमती रंजना राजगुरु, महानिदेशक शिक्षा सुश्री दीप्ति सिंह, शिक्षा विभाग अधिकारियों सहित वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दीपावली के बाद मेडिकल स्टोर बंद करने की चेतावनी

रुद्रप्रयाग। उत्तरांचल औषधि व्यवसाई महासंघ (यूएवीएम) ने दीपावली के बाद राज्यवापी मेडिकल स्टोर बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। यूएवीएम ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में कुछ खास दवा कंपनी के कफ सिरप से बच्चो की मौत के बाद राज्य सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दीपावली के बाद राज्य भर में दवा की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। महासंघ की बीते दिन रामनगर में प्रदेश एग्जीक्यूटिव बैठक में जनपद रुद्रप्रयाग से प्रतिभाग करने गए संस्था के जिलाध्यक्ष दीपांशु भट्ट ने कहा कि राज्यभर में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण पर कड़ी आपत्ति जताई गई है। इस प्रकार की कार्यवाही से ना केवल दवा व्यापारियों की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा रहा है ब्लकि समाज में दवा व्यावसायियो को नशे के कारोबारी के रूप में दिखाया जा रहा है जो की सरासर गलत है।

# पीएम धन–धान्य कृषि योजना से जुड़े चमोली और अल्मोड़ा

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली और अल्मोड़ा जिले भी पीएम धन–धान्य कृषि योजना से जुड़ गए हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से योजना का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में देहरादून से राज्यभर के किसान ऑनलाइन जुड़े थे। गढ़ी कैंट स्थित हरबंश कपूर मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह योजना उत्तराखंड के किसानों को नया आयाम देगी। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम धन–धान्य कृषि योजना 100 कम उत्पादकता वाले जिलों को विकसित करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इससे कृषि विकास, सिंचाई, भंडारण के साथ ही किसानों को आसान ऋण उपलब्ध कराया जाना है। उत्तराखंड के चमोली और अल्मोड़ा जिलों में यह योजना अगले छह सालों तक चलेगी। मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा और संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। इस मौके पर मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और कैंट विधायक सविता कपूर ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जैविक परिषद उपाध्यक्ष भूपेश उपाध्याय, सचिव कृषि एसएन पांडेय, अपर सचिव ग्राम्य विकास झरना कमठान, आयुक्त ग्राम्य विकास अनुराधा पाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। महिला समूहों को दिया जा रहा ड्रोन प्रशिक्षण कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि राज्य में महिला कृषकों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 102 महिला समूहों को ड्रोन वितरण करने और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इससे महिला किसान आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सकेंगी और अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकेंगी।

# दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर सुनें लोगों की समस्याएं: आर राजेश

रुद्रप्रयाग। जनपद प्रभारी सचिव आर राजेश कुमार ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, आपदा पुनर्निर्माण योजनाओं एवं केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दूरस्थ क्षेत्रों का फील्ड भ्रमण कर जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें।

इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया। मुख्यालय पहुंचे सचिव ने मानसून सीजन में हुई आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति, आवश्यक बजट एवं शासन स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी ली। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि जनपद में पीएमजीएसवाई, एनएच और लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित सड़क एवं पुल निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि केदारनाथ क्षेत्र में हेलीपैड मरम्मत कार्यों के लिए यूकाडा से राजस्व अंश केदारनाथ विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए, जिससे कार्य शीघ्र पूर्ण किए जा सके। सचिव ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटेश्वर अस्पताल को शीघ्र ऑपरेशनल कर उप जिला चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही केदारनाथ धाम में बने अस्पताल की संचालन व्यवस्था, डॉक्टरों की तैनाती, उपकरणों की उपलब्धता एवं जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। सचिव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना की प्रगति, पाइपलाइन कनेक्शन और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजे जाएं और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर जनपद में सफाई अभियान, राफ्टिंग, साइक्लिंग रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, महिला सुरक्षा और ड्रग–फ्री देवभूमि विषयक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सचिव ने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों में नई थीम आधारित गतिविधियां जोड़ी जाएं ताकि जनभागीदारी बढ़े और युवाओं में राज्य निर्माण की भावना सशक्त हो। बैठक में मैन–एनिमल कॉन्फ्लिक्ट, केदारनाथ मार्ग पर चल रहे कार्यों और आपदा पुनर्निर्माण योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक सचिव को एक–एक जनपद का प्रभारी बनाया गया है ताकि स्थानीय समस्याएं शासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सकें।

### गायिका बीना को मिला देवभूमि सशक्त नारी सम्मान

नई टिहरी। सोसाइटी ऑफ मिशन 4 जी प्लस (गौ,गंगा,गांव और गायत्री) द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने नई टिहरी निवासी लेखिका व लोक गायिका बीना बोरा को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए देवभूमि सशक्त नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। पीजी कॉलेज नई टिहरी में कार्यरत बीना बोरा लंबे समय से लोक गायन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। । वह गायन के साथ लेखन का कार्य भी करती है। साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से गरीब और कमजोर लोगों की भी मदद करती रहती है। उन्होंने पूर्व में यंग उत्तराखंड,बेस्ट फीमेल सिंगर जैसे कई महत्वपूर्ण अवार्ड भी मिल चुके हैं। अब देहरादून में उन्हें महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज ने डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला,सोसाइटी ऑफ मिशन 4जी प्लस के संस्थापक सुभाष चंद्र भट्ट,महामंत्री मिथिलेश सेमवाल,सीएम धामी की पत्नी गीता धामी और डॉ.राकेश डंगवाल की उपस्थिति में बीना बोरा के देवभूमि सशक्त नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

# आत्मदीप–2025 में संगीत, नृत्य, खेल, संस्कृति और संवाद का संगम

देहरादून। डीबीएस (पीजी) कॉलेज देहरादून के भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) प्रकोष्ठ की ओर से इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड स्पिरिचुअलिटी, नई दिल्ली के सहयोग से एक भव्य युवा उत्सव आत्मदीपः 2025 का आयोजन किया गया। यह उत्सव संगीत, नृत्य, संवाद, खेल, विचार–सत्रों और संस्कृति का संगम था। जो इस वर्ष के विषय श्रीमद्भगवद्गीता पर केन्द्रित था। कार्यक्रम की शुरुआत आईकेएस प्रकोष्ठ के सांस्कृतिक समूह आनन्दनाद द्वारा प्रस्तुत मधुर श्लोकों और भजनों से हुई। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और शांति–मय बना दिया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. गोरखनाथ ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। आईकेएस प्रकोष्ठ की समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजलक्ष्मी दत्ता ने आत्मदीप की अवधारणा को विस्तारपूर्वक समझाया और युवाओं को उनकी भाषाई, सांस्कृतिक एवं कलात्मक जड़ों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। वंशिका द्वारा भरतनाट्यम और सौम्या तिवारी द्वारा कथक नृत्य, जिन्होंने भारतीय कला और भक्ति की भावनाओं को सुंदरता से अभिव्यक्त किया। मुख्य अतिथि हिज़ ग्रेस मन्वंतर प्रभु (आईआईटी पूर्व छात्र) ने मेंटल कुरुक्षेत्र टू मेंटल डिसिपिलिन विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आधुनिक युवाओं के मानसिक संघर्षों की तुलना गीता के युद्धक्षेत्र से करते हुए गीता के उपदेशों को अत्यंत प्रासंगिक बताया। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य एसजीआरआर संस्कृत महाविद्यालय डॉ. रामभूषण बिजलवान ने युवा जीवन में श्रीमद्भगवद्गीता की भूमिका विषय पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के अर्जुन की तुलना भारत के युवा वर्ग से करते हुए गीता के उपदेशों को उनके जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी।

डीडी कॉलेज के योग विभाग प्रमुख डॉ. मीनाक्षी कोठारी ने अपनी भावपूर्ण श्लोक एवं स्तोत्र प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव परिसर में विभिन्न रोचक खेलों और पारंपरिक, पर्यावरण–मित्र स्टॉलों ने छात्रों का ध्यान आकर्षित किया।

# द लिटरेरी टेबल साहित्य एवं कला महोत्सव का आयोजन

देहरादून। एरोग्य वेलबीइंग ट्रस्ट की पहल द लिटरेरी टेबल द्वारा आयोजित साहित्य और कला महोत्सव का भव्य उद्घाटन आज किया गया। उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्ज्वलन अभिनेत्री और लेखिका मुनमुन सेन, लेखक अद्विता काला, लेखिका रूपा सोनी, ओएसिस स्कूल की संस्थापक प्रीति ओबेरॉय और प्रबंधक संजीव बाटला सहित फेस्टिवल डायरेक्टर डॉ अलोका नियोगी की उपस्थिति में हुआ। यह महोत्सव साहित्य, कला और विचारों के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया है। यह महोत्सव का दूसरा संस्करण है और इसे एरोग्य वेलबीइंग ट्रस्ट के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।महोत्सव का पहला सत्र ह्लद मिलेट मार्वलः प्राचीन अनाज की शक्तिह्न रोपा सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस सत्र का संचालन सिद्धांत अरोड़ा ने किया और द ओएसिस के छात्रों ने सह–



निर्देशन किया। सत्र में पारंपरिक अनाजों के महत्व, उनके पुनरुद्धार और आधुनिक पोषण तथा स्थिरता में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके पश्चात कहानी के नया स्वरूपः लेखक से पटकथा लेखक और कथावाचक तकह्न विषयक सत्र में प्रसिद्ध लेखक अद्वैत काला ने रमा चोपड़ा और साक्षे अरोड़ा के साथ संवाद किया। इस सत्र में विभिन्न माध्यमों में कहानी कहने की प्रक्रिया और उसके बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला गया।

तीसरे सत्र ह्लहरित सोनाः जैविक खेती और कृषि उद्यमह्न का नेतृत्व डॉ. हरिका राजेश कुमार ने किया। संचालन शिवम ने किया और द ओएसिस के छात्रों ने सह–निर्देशन किया। इस चर्चा में जैविक खेती के लाभ, टिकाऊकृषि और नए उद्यम के अवसरों पर गहन विचार–विमर्श हुआ।

दिन का अंतिम सत्र चुम्बन और मृत्यु के बीचः इच्छाओं का गहरा विश्लेषणह्न डॉ. रुबी गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्र का संचालन डॉ. अलोका नियोगी तथा द ओएसिस के छात्रों द्वारा सह–निर्देशन किया गया। इस सत्र में मनोवैज्ञानिक गहराई और मानवीय भावनाओं की जटिलताओं पर चर्चा हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शाम के सत्र मे चाय ब्रेक और पुस्तक हस्ताक्षर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को लेखकों से मिलने और उनके ग्रंथों पर हस्ताक्षर प्राप्त करने का अवसर मिला।

# औषधि निरीक्षक ने गरुड़ में दो मेडिकल स्टोर बंद कराए

बागेश्वर। कफ सिरप प्रकरण के बाद जिले में औषधि निरीक्षक का छापेमारी अभियान जारी है। छापेमारी के दौरान गरुड़ क्षेत्र की दो दुकानों में भारी अनियमितता मिली। इसे गंभीर अपराध मानते हुए विभाग ने दोनों मेडिकल स्टोरों को बंद करा दिया है। साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई। अधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि औषधि की गुणवत्ता पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने शुक्रवार की देर शाम बैजनाथ, गरुड़ क्षेत्रांतर्गत मेडिकल स्टोरों व थोक विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने एवं साथ ही फर्म द्वारा लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन न करने की शिकायत मिली। इसके बाद फर्म के औषधि क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई एवं मौके पर दुकानों को बंद किया। अनियमितताओं संबंधित स्पष्टीकरण मांगा और अनियमितताओं का अनुपालन करने तक दुकानों में क्रय विक्रय रोकने के आदेश दिए। साथ ही अनियमितताओं का अनुपालन संतोषजनक न होने की स्थिति में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 के तहत फर्म के लाइसेंस को निलंबित करने की संस्तुति की गई है। कार्रवाई दौरान संदेह के आधार पर बच्चों के दो कफ सिरप के नमूने गुणवत्ता जांच को लिए गए। पूजा ने मेडिकल स्टोर स्वामियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा न दें।

# किसानों ने सुना पीएम धन धान्य कृषि योजना का प्रसारण

उत्तरकाशी। जिला प्रेक्षागृह में कृषि विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीधा प्रसारण कार्यक्रम में जिले के 100 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और नई कृषि योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम प्रशांत आर्य एव जिला पंचायत रमेश चौहान ने किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को कृषि यंत्र भी वितरित किए। शनिवार को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम धन– धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले में भी देखा गया। जिसमें जिले के किसानों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इस दौरान कृषि, उद्यान, मत्स्य,रिप, पशुपालन विभाग द्वारा विभागीय स्टॉल स्थापित किए गए। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष रमेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पीएम धन– धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन किसानों के लिए परिवर्तनकारी पहल है जो न केवल कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाएगी बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में सतत आगे बढ़ रहा है और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा,सीएचओ डॉ.रजनीश सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### क्षेत्र आधारित खेती को बढ़ावा दें

चम्पावत। डीएम मनीष कुमार ने क्षेत्र आधारित खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागों को डीपीआर शीघ्र तैयार करने को कहा। डीएम मनीष कुमार ने पीएमकेएसवाई की समीक्षा की।

डीएम ने उद्यान विभाग को पॉलीहाउस का शत प्रतिशत वितरण करने को कहा। जिससे किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कृषि विभाग को फेंसिंग के कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र आधारित कृषि को बढ़ावा देने की अपील की। सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा। बैठक में सीडीओ डॉ. जी एस खाती, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, जिला उद्यान अधिकारी हरीश कोहली आदि मौजूद रहे।

# मोरी क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए शिविर 13 व 15 को

उत्तरकाशी। जिले के दुर्गम क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की ओर से दो दिवसीय शिविर आयोजित किया जायेगा। जो 13 अक्टूबर को यूपीसीएल डिविजन बड़कोट के मोरी ब्लॉक के सांकरी बाजार और 15 को पुरोला उपखंड के टीकोची बाजार में आयोजित किए जाएंगे।

बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट ने बताया कि माननीय उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों पर उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को उनकी बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान तत्काल शिविर में ही कराया जाएगा। बताया गया कि उपभोक्ता को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए विभाग द्वारा जारी बिजली बिल या उसकी फोटो कॉपी और उससे संबंधित अन्य दस्तावेज साथ लाने होंगे। उन्होंने बताया कि सांकरी में आयोजित शिविर में गोविंद पशु विहार क्षेत्र के 62 गांवों के बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। वहीं, टीकोची बाजार में आयोजित शिविर से आराकोट व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी।

शिविर में उपभोक्ताओं की बिजली की गुणवत्ता, निर्बाध आपूर्ति, मीटर, बिलिंग, और नए कनेक्शन से जुड़ी शिकायतों को सुना जाएगा। मंच की टीम मौके पर ही शिकायतों की प्रारंभिक जांच कर आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा करेगी।

# संगीत, संवाद और रचनात्मकता से सजा अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव का दूसरा दिन

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा साहित्य महोत्सव 2025 के दूसरे दिन शनिवार को साहित्य, संगीत और संवाद का सुंदर संगम देखने को मिला। दिन की शुरुआत प्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी की मधुर प्रस्तुति से हुई। उन्होंने राग जौनपुरी में अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद 'सिनेमा और रंगमंच' विषय पर आयोजित सत्र में ज़रहूर आलम, रूप दुर्गापाल और आशुतोष जोशी ने विचार साझा किए। सत्र का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया। रूप दुर्गापाल ने फिल्म और मनोरंजन जगत में अपने अनुभवों के साथ–साथ अपने आध्यात्मिक सफर पर भी चर्चा की, जबकि ज़रहूर आलम ने नैनीताल स्थित अपने नाट्य समूह 'युग मंच' के साथ रंगमंचीय जीवन की भावनात्मक यात्रा साझा की। दिन का



सबसे चर्चित सत्र रहा 'मनोहर श्याम जोशी के अनेक संसार', जो सुप्रसिद्ध लेखक मनोहर श्याम जोशी की स्मृति को समर्पित था। इसमें पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रभात रंजन और रंजन जोशी ने हिस्सा लिया, जबकि संचालन डॉ. दीपा गुप्ता ने किया। वक्ताओं ने जोशी के साहित्य, पत्रकारिता और टेलीविजन के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। पुरुषोत्तम अग्रवाल ने उनके उपन्यास 'कुरु कुरु स्वाहा' और 'कसप' पर बात की, जबकि प्रभात रंजन ने जोशी की पत्रकारिता और दूरदर्शन पर उनके लोकप्रिय धारावाहिक 'बुनियाद' और 'हम लोग' का उल्लेख किया। रंजन जोशी ने उनके जीवन के संवेदनशील और स्नेहपूर्ण पक्षों को साझा किया। इसके बाद 'प्रकृति, नारी और पर्यावरण' विषय पर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें अदिति शर्मा, अनुराधा पांडे और डॉ. नैनवाल शामिल रहे तथा संचालन डॉ. वसुधा पंत ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि नारी और पर्यावरण के बीच सदियों पुराना संबंध रहा है, लेकिन अब समय है कि महिलाओं को सिर्फ 'संरक्षक' के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन की सक्रिय वाहक के रूप में देखा जाए। इसी बीच बच्चों के लिए आयोजित 'मिनी लिट फेस्ट' में रचनात्मक ऊर्जा झलकती रही। इस खंड का संचालन वंषिका वोहरा ने किया, जबकि वनीता और वंषिका ने बच्चों को कहानी लेखन, पात्र निर्माण और कथानक की तकनीक सिखाई। वहीं दूसरे दिन आयोजित फोटो गैलरी प्रदर्शनी और फोटो वार्ताएँ दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। पहले दिन पद्मश्री अनुप शाह की प्रेरणादायक वार्ता के बाद शनिवार को हिमालयी जीवन, संस्कृति और प्रकृति पर केंद्रित सत्रों का आयोजन किया गया। फोटो गैलरी प्रदर्शनी में अल्मोड़ा, नैनीताल, रानीखेत, मुक्तेश्वर सहित आसपास के फोटोग्राफरों के उत्कृष्ट चित्र प्रदर्शित किए गए। इसमें हिमालय की सांस्कृतिक, पारिस्थितिक और प्राकृतिक विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। दिन भर चले इन सत्रों में संवाद, विचार और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

### पुरोला में जिलास्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

उत्तरकाशी। माध्यमिक विद्यालयों की जिलास्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शनिवार को पुरोला के अटल उत्कृष्ट राइंका गुंदियाट गांव में आगाज हो गया। जिसमें क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में खो–खो, कबड्डी व बॉलीबॉल खेलों में नौगांव,मोरी,डुंडा,भटवाड़ी एवं पुरोला व चिन्यालीसौड़, ब्लॉक से 108 टीम के 9 सौ से अधिक छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। तीन दिवसीय जनपद स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का भाजपा प्रदेश महामंत्री सत्येंद्र राणा ने दीप प्रज्वलित व रिबन काट कर विधिवत उदघाटन किया। क्रीड़ा रैली में प्रखंड स्तर से आये 108 टीमें खो– खो,कबड्डी, वॉलीबॉल आदि खेलों में छात्र–छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सतेंद्र राणा ने कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक,मानसिक, सामाजिक विकास, अनुशासन,समर्पण व सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए नही बल्कि आज खेल एक रोजगार का भी महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com